# *गैर-सरकारी गैर-वित्तीय सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की वित्तीय स्थिति, 2015-16**

*चुनिंदा गैर-सरकारी गैर-वित्तीय सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों के सकल परिणाम यह दर्शाते हैं कि बिक्री में थोड़ी-बहुत हुई वृद्धि के बावजूद कच्चे माल और पावर एवं ईंधन की लागतों में नरमी से इन कंपनियों की लाभप्रदता में वृद्धि हुई है। तथापि, छोटी कंपनियों को अधिक मुनाफा नहीं हुआ है। समग्र स्तर पर ईक्विटी की तुलना में कर्ज का अनुपात सीमित रहा। स्थिर पूंजी निवेश में कुछ सुधार दृष्टिगत हुए।*


यह आलेख चुनिंदा 19,602 गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ) सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों का वित्त वर्ष 2015-16 के लिए वित्तीय निष्पादन प्रस्तुत करता है जिसका आधार अप्रैल 2015 से मार्च 2016 के दौरान उनके लेखापरीक्षित वार्षिक आंकड़े हैं और उसकी तुलना 2013-14 से 2014-15 तक की अवधि के आंकड़ों से की गई है। ये आंकड़े भारतीय रिज़र्व बैंक की वेब साइट पर **https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_44** पर उपलब्ध हैं। अद्यतन जारी किए गए आंकड़ों में शामिल की गई 19,602 कंपनियां 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार सभी एनजीएनएफ सार्वजनिक मर्यादित कंपनियों की चुकता पूंजी (पीयूसी) की संख्या का 39.9 प्रतिशत बैठती हैं।

**1. बिक्री में धीमी वृद्धि के बावजूद कारपोरेट लाभप्रदता में सुधार**

1.1 2015-16 के दौरान चुनिंदा कंपनियों की बिक्री में होने वाली वृद्धि कमजोर बनी रही और इसका मुख्य कारण ग्रामीण मांग में धीमापन रहा। तथापि, कंपनियों को कच्चे माल, बिजली और ईंधन की लागत में कमी का लाभ मिला और परिणामस्वरूप उनके परिचालन खर्चों में कमी आई। तदनुसार, परिचालनगत लाभों में वृद्धि उच्चतर रही। निवल लाभ वृद्धि के संदर्भ में कारपोरेट कमाई के आकार में दबाव बना रहा (विवरण 1 और चार्ट 1) ।

1.2 समग्र स्थिति असमानता भरी रही। जहां सभी आकारों वाली कंपनियों की बिक्री की वृद्धि दर में कमी का अनुभव किया गया, केवल बड़ी कंपनियों (₹10 बिलियन से अधिक बिक्री करने वाली) के परिचालन लाभों में उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें परिचालनगत खर्च में तीव्र गिरावट से मदद

**चार्ट 1 : प्रमुख वृद्धि दरें**




* भारतीय रिज़र्व बैंक के सांख्यिकीय और सूचना प्रबंध विभाग के कंपनी वित्त प्रभाग (सीएफडी) में बनाया गया। पिछले वर्ष के अध्ययन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक, बुलेटिन, मई 2016 के अंक का संदर्भ ग्रहण किया जा सकता है।

मिली। 2015-16 में परिचालन और निवल लाभों के संदर्भ में छोटी कंपनियों (₹1 बिलियन से कम बिक्री) का निष्पादन बदतर हो गया। मध्यम आकार की कंपनियों (₹1 से ₹10 बिलियन के बीच बिक्री करने वाली) के परिचालनगत लाभों में होने वाली वृद्धि में कमी दर्ज की गई(विवरण-1)।

1.3 खनन क्षेत्र की कंपनियों के लिए लगातार दूसरे वर्ष बिक्री में गिरावट रही परंतु 2015-16 की तुलना में इसका प्रभाव कम था। तथापि, इन कंपनियों के परिचालन (और निवल) लाभ में तीव्र गिरावट दर्ज की गई। कपड़ा और लौह तथा स्टील उद्यमों में कंपनियों के लगातार खराब निष्पादन ने समग्र रूप से विनिर्माण क्षेत्र की बिक्री में होने वाली वृद्धि को नीचे ला दिया। इसके विपरीत, मोटर वाहनों और अन्य यातायात उपकरण उद्यमों में विनिर्माण क्षेत्र में बिक्री में बहाली दर्ज की गई। परिचालन लाभों के संदर्भ में, लौह और स्टील उद्यमों को छोड़कर अन्य सेक्टरों ने बेहतर निष्पादन किया। निर्माण क्षेत्र की कंपनियों और उनके परिचालन लाभों की संवृद्धि में 2015-16 में काफी गिरावट आई जिसका मुख्य कारण ढीली-ढाली मांग और रुकी हुई परियोजनाएं रहीं। सेवा क्षेत्र की कंपनियों को बिक्रीगत संवृद्धि और परिचालन लाभों दोनों पहलुओं पर धीमेपन का सामना करना पड़ा।

1.4 कॉरपारेट क्षेत्र के परिदृश्य में एक सकारात्मक गतिविधि यह रही कि कमजोर मांग स्थितियों के बावजूद इसने मूल्य निर्धारण-शक्ति (परिचालन लाभ मार्जिन) को बनाए रखा। बेहतर मूल्य-निर्धारण शक्ति के संदर्भ में बड़ी कंपनियों को छोटी कंपनियों की तुलना में फायदा रहा। ईक्विटी पर बेहतर रिटर्न के साथ ही बेहतर होती मूल्य-निर्धारण शक्ति विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में दर्ज की गई।

## 2. कंपनियों को उच्चतर वेतन लागत दबाव का सामना करना पड़ा

2.1 कुल परिचालनगत खर्चों में कमी आने के बावजूद चुनिंदा कंपनियों की स्टाफ लागत में 11.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई और यह बिक्री में हुई वृद्धि की तुलना में अधिक थी। परिणामस्वरूप, 2015-16 में कुल बिक्री में स्टाफ लागत के अंश में 80 आधार अंकों (बीपीएस) की तीव्र वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष हुई 60 बीपीएस वृद्धि से अधिक थी (सारणी-1)।

**सारणी 1 : बिक्री के भाग के रूप में प्रमुख मदें**

(प्रतिशत)

| मद | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|---|
| कच्चा माल | 58.4 | 56.2 | 51.7 |
| स्टाफ लागत | 7.0 | 7.6 | 8.4 |
| ब्याज खर्च | 3.6 | 3.7 | 3.9 |
| अन्य आय | 1.8 | 1.9 | 1.9 |

2.2 कच्चे माल पर होने वाले खर्च में कमी ने सांकेतिक सकल मूल्यवर्द्धित वृद्धि (जीवीए) में गिरावट को नियंत्रित किया। जबकि लघुतम श्रेणी की कंपनियों ने 2015-16 में न्यूनतर जीवीए दर्ज किया जबकि वृहत्तम आकार श्रेणी में कंपनियों ने 2015-16 में जीवीए के आवेग को बनाए रखा (सारणी-2)।

## 3. समग्र स्तर पर कारपोरेट लीवरेज में सुधार परिलक्षित हुआ


3.1 पिछले कुछ वर्षों में कारपोरेट क्षेत्र के कमजोर परिणामों को देखते हुए कारपोरेट लीवरेज चिंता का विषय बना हुआ है। इस परिप्रेक्ष्य में 2015-16 में सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की समग्र स्थिति में कोई गिरावट देखने को नहीं मिली। ईक्विटी की तुलना में ऋण अनुपात (अर्थात् दीर्घावधि उधारियां) में 2015-16 में मामूली गिरावट दर्ज की गई। तथापि, छोटे आकार की कंपनियों में यह विरोधाभासी रहा। काफी अधिक लीवरेज वाले उद्योग नामतः लौह और स्टील एवं विद्युत मशीनरी तथा विनिर्माण क्षेत्र अधिक चिंतनीय रहे जिनमें 2015-16 में ईक्विटी की तुलना में ऋण अनुपात में और वृद्धि हुई। इसके विपरीत, 2015-16 में दूरसंचार सहित सेवा क्षेत्र

**सारणी 2 : चुनिंदा 19,602 सार्वजनिक लि. कंपनियों के लिए सकल मूल्य-वर्द्धन में वृद्धि दर**

प्रतिशत

| श्रेणी-वार बिक्री | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|
| ₹ 1 बिलियन से कम | 8.3 | -0.7 |
| ₹1-₹5 बिलियन | 12.2 | 10.9 |
| ₹5-₹10 बिलियन | 15.4 | 7.3 |
| ₹10 बिलियन और उससे अधिक | 13.0 | 13.7 |
| समग्र | 12.8 | 12.2 |

चार्ट 2 : लीवरेज (ईक्विटी की तुलना में ऋण) और ब्याज कवरेज अनुपात




और भू-संपदा कंपनियों में ईक्विटी की तुलना में ऋण अनुपात में गिरावट आई (चार्ट 2, विवरण 2)।

3.2 कुल उधारियों में दीर्घावधि उधारियों का अंश समग्र स्तर पर लगभग दो-तिहाई रहा। तथापि, कुल उधारियों में बैंक उधारियों के अंश में और गिरावट दर्ज की गई तथा अत्यधिक उच्च लीवरेज अनुपात वाली कंपनियों के संदर्भ में इसमें काफी तीव्र गिरावट दर्ज की गई (सारणी 3)।

3.3 कमजोर कंपनियों अर्थात् जिनका लीवरेज अनुपात 200 प्रतिशत से अधिक था और आईसीआर 1 से कम था (ऋणात्मक नेट वर्थ वाली कंपनियों सहित) के संदर्भ में उनके द्वारा धारित कर्ज की स्थिति में 2015-16 में कुछ सुधार दृष्टिगत हुआ। कमजोर कंपनियों द्वारा धारित बैंक उधारियों का अंश कम होकर 24.5 प्रतिशत पर आ गया जो कि पिछले वर्ष 30.3 प्रतिशत था (सारणी 4)।


**4. नई उधारियों का सहारा कमतर रहा**

4.1 2015-16 के दौरान चुनिंदा कंपनियों द्वारा जुटाई गई निधियों में उधारियों का अंश 2014-15 के 24.8 प्रतिशत से कम होकर 2015-16 में 16.5 प्रतिशत रह गया जो कंपनियों की ओर से प्रारंभ की गई लीवरेज मुक्ति प्रक्रिया को दर्शाता है। इसके परिणामस्वरूप,बाह्य स्रोतों के जरिए जुटाई जाने वाली

**सारणी 3: कुल उधारियों में दीर्घावधि उधारियों का हिस्सा (लीवरेज अनुपात के अनुसार)**

| लीवरेज अनुपात (प्रतिशत) | कुल उधारियों में दीर्घावधि उधारियों का हिस्सा (प्रतिशत) | | | कुल उधारियों में बैंक उधारियों का हिस्सा (प्रतिशत) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
| 0- 100 | 49.80 | 54.10 | 49.92 | 57.48 | 53.02 | 58.22 |
| 100 – 200 | 74.75 | 71.86 | 80.50 | 60.28 | 59.10 | 45.65 |
| 200 – 300 | 86.74 | 85.70 | 85.29 | 64.38 | 61.25 | 61.56 |
| 300 – 400 | 91.98 | 92.75 | 84.30 | 52.37 | 60.12 | 58.25 |
| 400 से ऊपर | 81.61 | 86.67 | 87.39 | 61.82 | 63.35 | 46.09 |
| नेट वर्थ < 0 | 78.93 | 77.20 | 75.75 | 44.73 | 44.67 | 48.28 |
| **कुल** | 64.83 | 67.58 | 67.92 | 57.73 | 55.50 | 53.60 |

चार्ट 3 : निधियों के स्रोतों का प्रतिमान




निधियों के अंश में भी कमी आई। 2015-16 में प्रावधानीकरण (मूल्यह्रास सहित) और आरक्षित तथा अधिशेष के रूप में आंतरिक स्रोतों से एकत्रण निधियों का प्रमुख स्रोत रहा (विवरण 4ए, चार्ट 3)।

4.2 2014-15 के दौरान देखे गए रुझान के विपरीत 2015-16 के दौरान चुनिंदा कंपनियों द्वारा जुटाई गई रकम का तीन चौथाई से अधिक भाग स्थायी आस्तियों के निर्माण में लगाया गया। इसे सुधरती हुई व्यापारी भावनाओं के रूप में देखा जा सकता है (विवरण 4बी, चार्ट 4) ।


**सारणी 4: कमजोर कंपनियों द्वारा धारित बैंक उधारियों का हिस्सा**

(प्रतिशत)

| वर्ष | कमजोर कंपनियों की संख्या * | 19,602 कंपनियों के कर्ज में कमजोर कंपनियों के कर्ज का हिस्सा | 19,602 कंपनियों की बैंक उधारियों में कमजोर कंपनियों की बैंक उधारियों का हिस्सा |
|---|---|---|---|
| 2013-14 | 1729 | 33.9 | 26.6 |
| 2014-15 | 1723 | 35.9 | 30.3 |
| 2015-16 | 1777 | 31.2 | 24.5 |

* इसमें ऋणात्मक नेटवर्थ वाली कंपनियां शामिल हैं।

**चार्ट 4 : निधियों के उपयोग का प्रतिमान**



## 5. निष्कर्ष

चुनिंदा एनजीएनएफ सार्वजनिक लि. कंपनियों के 2015-16 के समग्र परिणाम यह दर्शाते हैं कि मंथर विक्रय वृद्धि के बावजूद, पण्य मूल्यों के चक्र में गिरावट के रुख ने पिछले वर्ष की तुलना में क्षेत्रगत सांकेतिक जीवीए वृद्धि को बनाए रखा। उच्चतर लाभ मार्जिन ने कारपोरेट की बेहतर मूल्य निर्धारण शक्ति का परिचय दिया। समग्र स्तर पर लीवरेज की स्थिति में कोई कमी देखने को नहीं मिली और स्थायी पूंजी निर्माण में बढ़ोतरी, व्यापारिक स्थितियों में कुछ सुधार दर्शाती है।

**विवरण 1: चुनिंदा 19,602 एनजीएनएफ सार्वजनिक लि. कंपनियों की चुनिंदा मानदंडों पर वृद्धि दरें**

| | वृद्धि दरें (प्रतिशत) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बिक्री | | परिचालन खर्च | | परिचालन लाभ | | निवल लाभ (कर पश्चात लाभ) | |
| | 2014-15 | 2015-16 | 2014-15 | 2015-16 | 2014-15 | 2015-16 | 2014-15 | 2015-16 |
| **समग्र (सभी कंपनियां)** | 4.8 | 0.8 | 3.5 | -1.9 | 12.4 | 13.3 | 16.8 | 14.7 |
| **बिक्री-वार** | | | | | | | | |
| ₹ 1 बिलियन से कम | -4.2 | -3.1 | -5.7 | -1.9 | 11.3 | -8.5 | -17.1 | -44.7 |
| ₹ 1 बिलियन - ₹ 5 बिलियन | 5.6 | 1.7 | 3.9 | -0.03 | 16.5 | 12.5 | 25.2 | 46.6 |
| ₹ 5 बिलियन - ₹ 10 बिलियन | 10.0 | 4.2 | 10.6 | 4.0 | 11.2 | 3.7 | 30.6 | -40.1 |
| ₹ 10 बिलियन और अधिक | 4.8 | 0.6 | 3.5 | -2.9 | 12.1 | 15.6 | 16.8 | 16.9 |
| **उद्‌यम-वार** | | | | | | | | |
| **खनन और उत्खनन** | -14.1 | -5.7 | -7.1 | 3.2 | -26.0 | -23.6 | -54.1 | -29.2 |
| **विनिर्माण** | 2.6 | -1.7 | 1.4 | -5.3 | 10.8 | 17.1 | 18.3 | 16.0 |
| खाद्‌य उत्पाद और पेय | 7.3 | 2.2 | 5.8 | 2.3 | 12.7 | 9.6 | 25.4 | -5.9 |
| वस्त्र | -11.3 | -21.0 | -13.0 | -26.2 | 2.5 | 20.6 | 4.1 | 26.4 |
| रसायन और रासायनिक उत्पाद | 10.4 | 8.6 | 10.5 | 5.1 | 9.9 | 26.4 | 11.6 | 33.1 |
| औषधियां और दवाएं | 14.6 | 14.4 | 15.2 | 9.0 | 11.8 | 42.2 | 8.1 | 50.1 |
| सीमेंट और सीमेंट उत्पाद | 13.9 | 3.9 | 12.9 | 2.4 | 25.5 | 10.1 | 71.8 | -15.3 |
| लौह और स्टील | 2.7 | -16.5 | 4.2 | -17.2 | 1.7 | -33.0 | 41.1 | # |
| *मशीनरी और उपकरण एन. ई.सी.* | 7.9 | 2.7 | 8.7 | 0.9 | 12.4 | 5.3 | 30.2 | 17.2 |
| विद्‌युत मशीनरी और उपकरण | 11.3 | 5.2 | 10.3 | 3.8 | 16.8 | 17.6 | 40.3 | 30.0 |
| मोटर वाहन और अन्य परिवहन उपकरण | 13.2 | 14.9 | 12.6 | 11.8 | 26.6 | 29.8 | 36.1 | 21.3 |
| **विद्‌युत, गैस, भाप और वतानुकूलन आपूर्ति** | 18.4 | 9.8 | 16.0 | 4.2 | 32.6 | 35.9 | # | -102.3 |
| **विनिर्माण** | 8.8 | 3.6 | 6.9 | 1.1 | 24.8 | 0.5 | 21.3 | -29.0 |
| **सेवाएं** | 8.8 | 5.8 | 7.4 | 5.1 | 16.3 | 7.3 | 21.5 | 15.4 |
| परिवहन और भंडारण | 9.3 | 11.7 | 11.3 | 11.8 | 5.2 | 15.4 | 39.4 | 36.8 |
| दूरसंचार | 4.3 | 0.6 | 0.5 | -4.7 | 38.3 | 51.6 | # | # |
| भू-संपदा | 20.0 | 3.2 | 23.8 | -0.5 | 30.2 | -7.4 | 25.9 | 4.5 |
| कंप्यूटर और अन्य संबंधित गतिविधियां | 18.7 | 5.4 | 21.4 | 7.0 | 5.2 | -5.1 | -6.2 | -10.7 |

# हर ऋणात्मक, शून्य अथवा नगण्य

**विवरण 1: चुनिंदा 19,602 एनजीएनएफ सार्वजनिक लि. कंपनियों की चुनिंदा मानदंडों पर वृद्धि दरें** *(समाप्त)*

| | वृद्धि दरें (प्रतिशत) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नेट वर्थ | | कुल उधारियां | | कुल आस्तियां | |
| | 2014-15 | 2015-16 | 2014-15 | 2015-16 | 2014-15 | 2015-16 |
| **समग्र (सभी कंपनियां)** | 8.8 | 8.2 | 6.8 | 6.1 | 8.3 | 8.5 |
| **बिक्री-वार** | | | | | | |
| ₹ 1 बिलियन से कम | 3.9 | 1.9 | 8.0 | 11.3 | 7.2 | 6.7 |
| ₹ 1 बिलियन - ₹ 5 बिलियन | 7.8 | 9.6 | 10.9 | 8.4 | 8.4 | 8.6 |
| ₹ 5 बिलियन - ₹ 10 बिलियन | 11.7 | 7.1 | 8.8 | 4.4 | 8.4 | 6.3 |
| ₹ 10 बिलियन और अधिक | 9.8 | 9.6 | 4.8 | 3.8 | 8.7 | 9.2 |
| **उद्‍यम-वार** | | | | | | |
| **खनन और उत्खनन** | -3.3 | -0.1 | -10.3 | 5.4 | -4.0 | 0.7 |
| **विनिर्माण** | 9.6 | 8.9 | 1.8 | 7.1 | 7.8 | 9.3 |
| खाद्‍य उत्पाद और पेय | 7.4 | 7.4 | -1.1 | 5.7 | 5.1 | 4.1 |
| वस्त्र | 8.4 | 10.3 | 4.4 | 3.5 | 7.0 | 12.3 |
| रसायन और रासायनिक उत्पाद | 12.5 | 14.7 | 6.3 | 11.3 | 9.6 | 10.9 |
| औषधियां और दवाएं | 19.4 | 20.8 | 22.4 | 3.3 | 18.3 | 12.9 |
| सीमेंट और सीमेंट उत्पाद | 9.5 | 7.8 | 18.6 | -3.5 | 13.1 | 5.7 |
| लौह और स्टील | 4.6 | -10.1 | -0.8 | 3.2 | 5.0 | -2.9 |
| *मशीनरी और उपकरण एन. ई.सी.* | 7.0 | 6.6 | 0.1 | 3.8 | 6.1 | 2.0 |
| विद्‍युत मशीनरी और उपकरण | 3.8 | 6.5 | 3.8 | 15.5 | 4.6 | 9.2 |
| मोटर वाहन और अन्य परिवहन उपकरण | 12.4 | 12.6 | -33.9 | -3.1 | 8.4 | 13.3 |
| **विद्‍युत, गैस, भाप और वतानुकूलन आपूर्ति** | 13.5 | 4.1 | 20.2 | 11.5 | 15.9 | 9.2 |
| **विनिर्माण** | 10.6 | 5.1 | 15.2 | 15.0 | 13.5 | 9.3 |
| **सेवाएं** | 6.8 | 8.9 | 8.7 | -1.7 | 7.6 | 7.0 |
| परिवहन और भंडारण | -1.0 | 7.2 | 3.4 | -4.0 | 6.0 | 9.3 |
| दूरसंचार | 4.8 | 5.8 | -12.5 | -1.9 | 4.9 | 14.7 |
| भू-संपदा | 6.6 | 5.9 | 8.2 | 1.5 | 5.6 | 2.2 |
| कंप्यूटर और अन्य संबंधित गतिविधियां | 0.8 | 10.3 | 3.8 | 1.6 | 7.1 | 5.8 |

**विवरण 2: 19,602 एनजीएनएफ सार्वजनिक लि. कंपनियों के चुनिंदा मानदंडों पर अनुपात**

| | अनुपात (प्रतिशत) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बिक्री की तुलना में परिचालन लाभ | | | नेट वर्थ की तुलना में कर पश्चात लाभ | | | ईक्विटी की तुलना में कर्ज | | |
| | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
| **समग्र (सभी कंपनियां)** | 13.1 | 14.1 | 15.8 | 11.1 | 11.9 | 12.6 | 45.9 | 46.9 | 46.2 |
| **बिक्री-वार** | | | | | | | | | |
| ₹ 1 बिलियन से कम | 10.4 | 12.1 | 11.5 | 1.8 | 1.5 | 0.8 | 57.7 | 62.3 | 69.9 |
| ₹ 1 बिलियन - ₹ 5 बिलियन | 10.5 | 11.6 | 12.8 | 4.1 | 4.8 | 6.4 | 61.8 | 60.3 | 64.8 |
| ₹ 5 बिलियन - ₹ 10 बिलियन | 11.8 | 11.9 | 11.9 | 5.6 | 6.5 | 3.7 | 57.9 | 59.2 | 55.4 |
| ₹ 10 बिलियन और अधिक | 13.9 | 14.9 | 17.1 | 15.3 | 16.2 | 17.3 | 38.6 | 39.4 | 36.6 |
| **उद्यम-वार** | | | | | | | | | |
| **खनन और उत्खनन** | 37.9 | 32.7 | 26.5 | 21.0 | 10.0 | 7.1 | 7.4 | 6.5 | 6.6 |
| **विनिर्माण** | 12.5 | 13.4 | 16.0 | 13.6 | 14.6 | 15.6 | 39.6 | 40.0 | 39.1 |
| खाद्य उत्पाद और पेय | 8.1 | 8.5 | 9.1 | 18.0 | 21.0 | 18.4 | 49.8 | 56.2 | 47.2 |
| वस्त्र | 8.7 | 10.1 | 15.4 | 10.0 | 9.6 | 11.0 | 43.3 | 46.4 | 43.2 |
| रसायन और रासायनिक उत्पाद | 15.1 | 15.0 | 17.4 | 16.5 | 16.4 | 19.0 | 23.5 | 23.6 | 21.9 |
| औषधियां और दवाएं | 16.7 | 16.3 | 20.3 | 21.7 | 19.7 | 24.4 | 21.1 | 23.4 | 18.5 |
| सीमेंट और सीमेंट उत्पाद | 14.0 | 15.4 | 16.3 | 8.4 | 13.2 | 10.4 | 52.1 | 56.9 | 47.8 |
| लौह और स्टील | 11.0 | 10.9 | 8.7 | 2.6 | 3.5 | -9.9 | 76.2 | 82.5 | 91.8 |
| *मशीनरी और उपकरण एन. ई.सी.* | 12.9 | 13.5 | 13.8 | 11.9 | 14.5 | 15.9 | 19.9 | 19.5 | 22.7 |
| विद्युत मशीनरी और उपकरण | 12.8 | 13.5 | 15.0 | 7.7 | 10.4 | 12.7 | 65.8 | 62.5 | 72.9 |
| मोटर वाहन और अन्य परिवहन उपकरण | 10.9 | 12.2 | 13.7 | 12.6 | 15.3 | 16.5 | 7.6 | 5.5 | 4.4 |
| **विद्युत, गैस, भाप और वतानुकूलन आपूर्ति** | 13.9 | 15.6 | 19.3 | 0.2 | 0.6 | -0.01 | 117.9 | 126.3 | 144.0 |
| **विनिर्माण** | 15.7 | 17.9 | 17.4 | 5.0 | 5.4 | 3.7 | 109.0 | 115.4 | 124.0 |
| **सेवाएं** | 13.8 | 14.8 | 15.0 | 9.1 | 10.3 | 10.9 | 38.9 | 38.9 | 35.0 |
| परिवहन और भंडारण | 15.0 | 14.4 | 14.9 | 5.4 | 7.6 | 9.7 | 77.2 | 74.1 | 65.6 |
| दूरसंचार | 6.1 | 8.1 | 12.3 | -20.4 | -10.2 | -11.7 | 117.0 | 92.9 | 88.1 |
| भू-संपदा | 26.0 | 28.3 | 25.4 | 3.8 | 4.5 | 4.4 | 57.0 | 56.0 | 52.5 |
| कंप्यूटर और अन्य संबंधित गतिविधियां | 18.9 | 16.7 | 15.1 | 18.2 | 16.9 | 13.7 | 11.0 | 9.0 | 10.7 |

## विवरण 3: 19,602 एनजीएनएफ सार्वजनिक लि. कंपनियों की देयताओं और आस्तियों की संरचना

(प्रतिशत)

**क. देयताओं की संरचना**

| पूंजी और देयताएं | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|---|
| 1. अंशधारकों की निधियां | 42.3 | 42.5 | 42.4 |
| *जिसमें से,* (i) अंश पूंजी | 7.5 | 8.0 | 7.9 |
| (ii) आरक्षी और अधिशेष | 34.8 | 34.5 | 34.5 |
| *जिसमें से,* पूंजी आरक्षी | 12.4 | 12.1 | 11.8 |
| 2. दीर्घावधि उधारियां (कर्ज) | 19.5 | 20.0 | 19.7 |
| *जिसमें से,* (i) बॉड / डिबेंचर | 2.5 | 3.1 | 3.3 |
| (ii) बैंकों से सावधि ऋण | 12.0 | 11.8 | 10.6 |
| 3. अल्पावधि उधारियां | 10.6 | 9.6 | 9.3 |
| *जिसमें से,* बैंकों से | 5.3 | 4.6 | 4.9 |
| 4. व्यापार देयताएं | 11.0 | 10.9 | 10.5 |
| 5. प्रावधान | 2.6 | 2.8 | 2.5 |
| 6. अन्य देयताएं | 14.1 | 14.2 | 15.7 |
| (i) नॉन-करेंट | 2.9 | 2.8 | 2.8 |
| (ii) करेंट | 11.2 | 11.4 | 12.9 |
| **7. कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**ख: आस्तियों की संरचना**

| आस्तियां | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|---|
| 1. सकल स्थायी आस्तियां | 66.9 | 65.3 | 68.2 |
| (i) मूर्त आस्तियां | 43.3 | 41.9 | 42.9 |
| (ii) प्रगति में लगी हुई पूंजी | 6.5 | 6.6 | 6.7 |
| (iii) अमूर्त आस्तियां | 16.4 | 16.1 | 18.1 |
| 2. मूल्यह्रास (i) मूर्त | 21.5 | 19.6 | 20.2 |
| (ii) अमूर्त | 1.8 | 1.8 | 1.8 |
| 3. निवल स्थायी आस्तियां | 43.6 | 44.0 | 46.2 |
| 4. नॉन-करेंट निवेश | 6.4 | 6.5 | 6.2 |
| 5. करेंट निवेश | 4.2 | 4.8 | 4.6 |
| 6. ऋण और अग्रिम | 12.9 | 12.8 | 12.0 |
| 7. माल सूची | 11.9 | 11.6 | 10.7 |
| 8. व्यापार प्राप्तियां | 11.3 | 11.1 | 11.2 |
| 9. नकद और नकद समतुल्य | 1.5 | 3.7 | 4.6 |
| 10. अन्य आस्तियां | 8.2 | 5.5 | 4.4 |
| (i) नॉन-करेंट | 1.4 | 1.3 | 1.3 |
| (ii) करेंट | 6.8 | 4.2 | 3.1 |
| **11. कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

## विवरण 4: 19,602 एनजीएनएफ सार्वजनिक लि. कंपनियों की निधियों के स्रोतों और उपयोग की संरचना

(प्रतिशत)

**क. वर्ष के दौरान निधियों के स्रोतों की संरचना**

| | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|
| **आंतरिक स्रोत (स्वयं के स्रोत)** | **42.1** | **48.1** |
| 1. चुकता पूंजी | 14.5 | 4.9 |
| 2. आरक्षी और अधिशेष | 23.8 | 20.5 |
| 3. प्रावधान | 3.9 | 22.7 |
| *जिसमें से,* मूल्यह्रास | -1.7 | 22.9 |
| **बाह्य स्रोत (स्वयं के स्रोतों से इतर)** | **57.9** | **51.9** |
| 4. अंश पूंजी और प्रीमियम | 7.8 | 5.9 |
| 5. दीर्घावधि उधारियां | 26.9 | 12.1 |
| *जिसमें से,* (i) बॉड/ डिबेंचर | 10.1 | 4.5 |
| (ii) बैंकों से | 9.3 | -2.9 |
| 6. अल्पावधि उधारियां | -2.1 | 4.4 |
| *जिसमें से,* बैंकों से | -3.7 | 6.6 |
| 7. व्यापार देनदारियां | 9.9 | 3.8 |
| 8. अन्य देयताएं | 15.4 | 25.8 |
| (i) नॉन-करेंट | 0.7 | 2.5 |
| (ii) करेंट | 14.7 | 23.3 |
| **9. कुल** | **100.0** | **100.0** |

**ख. वर्ष के दौरान निधियों के उपयोग की संरचना**

| | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|
| 1. सकल स्थायी आस्तियां | 47.5 | 78.7 |
| (i) मूर्त आस्तियां | 25.5 | 41.7 |
| (ii) प्रगति में लगी हुई पूंजी | 8.4 | 5.5 |
| (iii) अमूर्त आस्तियां | 13.6 | 31.5 |
| 2. नॉन-करेंट निवेश | 7.6 | 1.8 |
| 3. करेंट निवेश | 11.6 | 1.9 |
| 4. ऋण और अग्रिम | 11.8 | 2.5 |
| 5. माल सूची | 8.1 | 0.3 |
| 6. व्यापार प्राप्तियां | 8.9 | 10.0 |
| 7. नकद और नकद समतुल्य | 30.9 | 11.3 |
| 8. अन्य आस्तियां | -26.6 | -6.6 |
| (i) नॉन-करेंट | 0.2 | 1.2 |
| (ii) करेंट | -26.8 | -7.9 |
| **9. कुल** | **100.0** | **100.0** |